# 2 0 2 3

# COMMERCIAL LAW

## वाणिज्य विधि

*Time Allowed* : 3 Hours ] [ *Maximum Marks* : 150

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 150

*Marks are indicated against each question*

*प्रत्येक प्रश्न के अंक अंत में दिए गए हैं*

Answer **six** questions, taking at least **one** from each Group

प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनते हुए कुल **छः** प्रश्नों के उत्तर दें

## Group—A

## खण्ड—क

### ( Sale of Goods Act )

### ( माल-विक्रय अधिनियम )

**1.** *(a)* Define 'a contract of sale' of goods and discuss its essential elements. Make a distinction between 'sale' and 'agreement to sell'. 10+5=15

माल के 'विक्रय की संविदा' की परिभाषा दीजिए एवं उसके आवश्यक तत्त्वों का वर्णन कीजिए। 'विक्रय' एवं 'विक्रय करने का करार' में अन्तर बताइए।

*(b)* *(i)* X visited Y's garment shop and saw a placard stating "Buy one get one free". X bought a T-shirt for ₹ 500 and got another T-shirt for free. Whether the transaction is a sale or a gift? Give reasons. 5

X ने Y के कपड़ों की दुकान में एक तख्ती देखी जिस पर लिखा था ''एक खरीदें और एक मुफ्त में पाएँ''। X ने ₹ 500 में एक टी-शर्ट खरीदी और दूसरी टी-शर्ट मुफ्त में प्राप्त की। क्या यह लेनदेन बिक्री है या उपहार? कारण बताइए।

*(ii)* X contracted with Y (cloth merchant) for supply of cloth for packaging. Y supplied 'Hessian Cloth' (normally used for packing purposes). X found it unfit for his purpose (packaging foodstuffs) due to the smell inherent in the nature of cloth. Determine the liability of Y. 5

X ने Y (कपड़ा व्यापारी) से पैकेजिंग के लिए कपड़े की आपूर्ति हेतु अनुबंध किया। Y ने 'हेसियन क्लॉथ' (आमतौर पर पैकिंग के लिए उपयोग किया जाता है) की आपूर्ति की। कपड़े की प्रकृति में निहित गंध के कारण X ने इसे अपने उद्देश्य (खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग) के लिए अनुपयुक्त पाया। Y का दायित्व निर्धारित कीजिए।

2. *(a)* Define the term 'goods'. Distinguish between specific and unascertained goods. State the rules regarding ascertainment of price in a contract of sale. 5+5+5=15

'माल' को परिभाषित कीजिए। विनिर्दिष्ट एवं अभिनिश्चित न किए गए माल में अन्तर बताइए। विक्रय की संविदा में मूल्य-निर्धारण से सम्बन्धित नियमों का उल्लेख कीजिए।

*(b)* *A* sells to *B* a scooter for a sum of ₹ 8,000. *B* pays the whole price except ₹ 1,000 which he promises to pay within five days. *A* holds the possession over the scooter until the rest of money is paid. But before the expiry of the stipulated time, *B* becomes insolvent. *A* resells the scooter to *C* for ₹ 8,500 without giving notice to *B*. *B* claims from *A* ₹ 500, i.e., profit on resale. Is *A* liable? Decide. 10

*A*, *B* को एक स्कूटर ₹ 8,000 में बेचता है। *B* ₹ 1,000 को छोड़कर पूरी कीमत का भुगतान करता है, जिसे उसने पाँच दिनों के भीतर भुगतान करने का वादा किया है। *A*, बाकी पैसे चुकाने तक स्कूटर पर कब्जा बनाए रखता है। लेकिन निर्धारित समय की समाप्ति से पहले *B* दिवालिया हो जाता है। *A*, *B* को नोटिस दिए बिना स्कूटर को *C* को ₹ 8,500 में दोबारा बेच देता है। *B* ने *A* से ₹ 500 का दावा किया, यानी दोबारा बेचने पर मुनाफा। क्या *A* उत्तरदायी है? तय कीजिए।

## Group—B

## खण्ड—ख

## ( Negotiable Instruments Act )

## ( परक्राम्य लिखत अधिनियम )

3. *(a)* Define 'negotiable instrument'. Explain the law relating to the dishonour of cheque for insufficiency of funds in account with the help of decided cases and relevant statutory provisions. 5+10=15

'परक्राम्य लिखत' को परिभाषित कीजिए। तयशुदा मामलों और प्रासंगिक वैधानिक प्रावधानों की सहायता से खाते में अपर्याप्त धन के लिए चेक की अस्वीकृति से संबंधित कानून को समझाइए।

*(b)* Define 'promissory note' and 'bill of exchange', and make a distinction between them. 10

'वचन-पत्र' तथा 'विनिमय-पत्र' को परिभाषित कीजिए एवं उनके मध्य अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

4. *(a)* Define the term 'endorsement'. What are the essentials for a valid endorsement? Explain various classes of endorsement. 5+5+5=15

'पृष्ठांकन' पद को परिभाषित कीजिए। वैध पृष्ठांकन के लिए क्या-क्या आवश्यक हैं? पृष्ठांकन की विभिन्न श्रेणियों को स्पष्ट कीजिए।

*(b)* Examine various modes of discharge from liability on negotiable instruments. 10

परक्राम्य लिखतों पर दायित्व से मुक्ति के विभिन्न तरीकों का परीक्षण कीजिए।

## Group—C

### खण्ड—ग

### ( Company Law )

### ( कंपनी विधि )

**5.** *(a)* Analyze the concept of lifting of the corporate veil with the help of statutory provisions and case laws. 15

वैधानिक प्रावधानों और निर्णीत वाद की मदद से कॉर्पोरेट पर्दे को हटाने की अवधारणा का विश्लेषण कीजिए।

*(b)* Discuss the duties and liabilities of a promoter. 10

प्रवर्तक के कर्तव्यों एवं दायित्वों की विवेचना कीजिए।

**6.** *(a)* Define 'share'. State different kinds of shares which a company may issue. What is a share warrant? 5+5+5=15

'अंश' को परिभाषित कीजिए। विभिन्न प्रकार के अंशों का उल्लेख कीजिए, जो एक कंपनी जारी कर सकती है। शेयर वारंट क्या है?

*(b)* Discuss the law relating to the removal of Director of a company. 10

कम्पनी के निर्देशक को हटाने से सम्बन्धित विधि का वर्णन कीजिए।

**7.** *(a)* Define private company. What are the privileges and exemptions available to a private company? 5+10=15

निजी कंपनी को परिभाषित कीजिए। एक निजी कंपनी को कौन-से विशेषाधिकार और छूट उपलब्ध हैं?

*(b)* What are the duties and powers of tribunal with respect to the reconstruction and amalgamation of the company? 10

कम्पनी के पुनर्निर्माण एवं एकीकरण के सम्बन्ध में ट्रिब्यूनल के क्या कर्तव्य और शक्तियाँ हैं?

## Group—D

### खण्ड—घ

### ( Indian Partnership Act, 1932 )

### ( भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 )

**8.** *(a)* State the essential elements which are necessary for the formation of a partnership. How would you distinguish a partnership from joint Hindu family business and co-ownership? 5+(5+5)=15

भागीदारी के निर्माण के लिए कौन-से अनिवार्य तत्त्व आवश्यक हैं, उनका उल्लेख कीजिए। एक भागीदारी को संयुक्त हिन्दू परिवार व्यवसाय एवं सह-स्वामित्व से आप कैसे विभेद करेंगे?

(b) A carries on in his name the business of loading and unloading wagons of a limited company. A appoints B to manage the business. It is agreed between them that B shall get 60% share out of the net profits as remuneration and that A shall get only 40% share but shall not be liable for loss. Are A and B partners? Give your answer with reasons and supported by case laws on the point. 10

A एक लिमिटेड कम्पनी की गाड़ियों में लदान व उतराई का व्यापार अपने नाम पर चलाता है। A व्यापार के प्रबन्धन हेतु B को नियुक्त करता है। इन दोनों के मध्य करार होता है कि B को पारिश्रमिक के रूप में शुद्ध लाभ का 60% और A को केवल 40% हिस्सा मिलेगा लेकिन वह हानि के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। क्या A और B भागीदार हैं? इस बिन्दु पर अपने उत्तर को निर्णीत वाद के साथ कारण सहित बताइए।

**9.** (a) What do you understand by 'doctrine of holding out'? Explain. Discuss its exceptions. 15

'व्यपदेशन के सिद्धान्त' से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए। इसके अपवादों की विवेचना कीजिए।

(b) Examine the legal and statutory framework for admission and retirement of partners under the Partnership Act. 5+5=10

भागीदारी अधिनियम के तहत भागीदारों के प्रवेश एवं सेवानिवृत्ति के लिए कानूनी और वैधानिक ढाँचे की जाँच कीजिए।

**10.** (a) Is registration of a partnership firm compulsory under the Indian Partnership Act, 1932? State the effects of non-registration. State the procedure prescribed for registration of firms. 5+5+5=15

क्या भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अन्तर्गत, भागीदारी फर्म का पंजीकरण अनिवार्य है? अपंजीकरण के क्या प्रभाव हैं? फर्म के पंजीकरण की विहित प्रक्रिया बताइए।

(b) Explain various modes of dissolution of a partnership firm along with the consequences of dissolution thereof. 5+5=10

भागीदारी फर्म के विघटन के विभिन्न तरीकों और उसके विघटन के परिणामों की व्याख्या कीजिए।

★★★

SEAL